Sahakar Taxi Cooperative Limited (STCL) and Navi Mumbai Municipal Corporation (NMMC) Sign MoU to Strengthen Urban Mobility Solutions in Navi Mumbai

Partnership to promote safe, technology-enabled, cashless and sustainable transportation services through Bharat Taxi

Navi Mumbai | July 23, 2026

In a significant step towards strengthening urban mobility and enhancing commuter convenience, Sahakar Taxi Cooperative Limited (STCL), operating Bharat Taxi — a driver-cooperative digital mobility platform, signed a Memorandum of Understanding (MoU) with the Navi Mumbai Municipal Corporation (NMMC) to develop a collaborative framework for improving transportation services across Navi Mumbai.

The Collaboration aims to promote safe, organised, app-based, and cashless taxi services, while enhancing first-mile and last-mile connectivity at key public transport hubs, civic locations, and high-footfall areas. The collaboration also supports the vision of smart, sustainable, and digitally enabled urban mobility through the adoption of technology-driven transport solutions.

Under the MoU, NMMC will facilitate access to designated civic infrastructure, including taxi stands, parking areas, pick-up and drop-off points, and other suitable locations for Bharat Taxi operations. The corporation will also support awareness and promotion of Bharat Taxi services through suitable civic communication channels and explore opportunities to encourage green mobility initiatives, including electric and low-emission vehicle adoption.

STCL will operate Bharat Taxi services across designated areas of Navi Mumbai through its technology platform, providing app-based booking, real-time ride tracking, cashless payments, QR-based access, and enhanced passenger safety features. STCL will ensure compliance with applicable regulations, maintain service quality standards, support driver onboarding and training, and progressively promote sustainable mobility solutions.

The event was inaugurated by Hon'ble Chief Minister of Maharashtra, Shri Devendra Fadnavis, in the distinguished presence of Hon'ble Union Minister of State for Civil Aviation and Cooperation Shri Murlidhar Mohol, along with senior government officials, Members of Parliament, Members of the Legislative Assembly, representatives from the cooperative sector, distinguished dignitaries, and hundreds of Bharat Taxi Sarathis from across the state. The MoU signing ceremony was held in the esteemed presence of the dignitaries, marking a significant step towards fostering institutional collaboration for the seamless implementation and expansion of Bharat Taxi across Maharashtra.

The collaboration will focus on enhancing commuter experience through reliable, technology-driven transportation services, strengthening digital mobility initiatives, and exploring innovative solutions for key locations such as public facilities, markets, tourist destinations, and civic areas. The MoU establishes a framework for continued cooperation between STCL and NMMC to jointly develop a transparent, efficient, and passenger-centric mobility ecosystem for Navi Mumbai, while promoting safe, sustainable, and accessible urban transportation solutions.

About Bharat Taxi

Bharat Taxi (Sahakar Taxi Cooperative Limited) is a multi-state cooperative society of Sarathis built on the principles of fair earnings, shared ownership, and dignified livelihoods for drivers.

The platform is supported by leading national cooperative institutions, including National Cooperative Development Corporation (NCDC), Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited(IFFCO), Gujarat Cooperative Milk Marketing Federation (GCMMF), Krishak Bharati Cooperative Limited(KRIBHCO), National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India (NAFED), National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD), National Dairy Development Board (NDDB), and National Cooperative Exports Limited (NCEL).

Inspired by the vision of “Sahakar se Samriddhi” (shared prosperity through cooperation), Bharat Taxi aims to build a mobility system where drivers are not only service providers but also partners in the platform they support.

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल) और नवी मुंबई महानगरपालिका (एनएमएमसी) ने नवी मुंबई में शहरी गतिशीलता को सुदृढ़ करने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए

भारत टैक्सी के माध्यम से सुरक्षित, प्रौद्योगिकी-संचालित, कैशलेस एवं सतत परिवहन सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी

नवी मुंबई | **23** जुलाई **2026**

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (एसटीसीएल), ने नवी मुंबई में शहरी गतिशीलता को सुदृढ़ करने तथा यात्रियों की सुविधा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नवी मुंबई महानगरपालिका (एनएमएमसी) के साथ परिवहन सेवाओं के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के लिए एक सहयोगात्मक ढाँचा विकसित करने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस साझेदारी का उद्देश्य सुरक्षित, सुव्यवस्थित, ऐप-आधारित एवं कैशलेस टैक्सी सेवाओं को बढ़ावा देना, प्रमुख सार्वजनिक परिवहन केंद्रों, नागरिक सुविधाओं तथा अधिक आवागमन वाले क्षेत्रों में प्रथम-मील (फर्स्ट-माइल) एवं अंतिम-मील (लास्ट-माइल) कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना है। यह सहयोग प्रौद्योगिकी-संचालित परिवहन समाधानों को अपनाकर स्मार्ट, सतत एवं डिजिटल रूप से सक्षम शहरी गतिशीलता के विज़न को भी समर्थन प्रदान करता है।

समझौता ज्ञापन के तहत, नवी मुंबई महानगरपालिका भारत टैक्सी के संचालन हेतु निर्धारित नागरिक अवसंरचना, जिसमें टैक्सी स्टैंड, पार्किंग क्षेत्र, पिक-अप एवं ड्रॉप-ऑफ पॉइंट तथा अन्य उपयुक्त स्थान शामिल हैं, तक आवश्यक पहुँच उपलब्ध कराने में सहयोग करेगी। महानगरपालिका उपयुक्त नागरिक संचार माध्यमों के जरिए भारत टैक्सी सेवाओं के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देगी तथा इलेक्ट्रिक एवं कम उत्सर्जन वाले वाहनों को अपनाने सहित हरित गतिशीलता (ग्रीन मोबिलिटी) पहलों को प्रोत्साहित करने के अवसरों का भी अन्वेषण करेगी।

एसटीसीएल अपने प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से नवी मुंबई के निर्धारित क्षेत्रों में भारत टैक्सी सेवाओं का संचालन करेगा। इसके अंतर्गत ऐप-आधारित बुकिंग, रियल-टाइम राइड ट्रैकिंग, कैशलेस भुगतान, क्यूआर-कोड आधारित एक्सेस तथा यात्रियों की सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। एसटीसीएल सभी लागू नियमों एवं विनियमों का पालन सुनिश्चित करेगा, सेवा गुणवत्ता के निर्धारित मानकों को बनाए रखेगा, चालक-साझेदारों के

ऑनबोर्डिंग एवं प्रशिक्षण में सहयोग करेगा तथा चरणबद्ध तरीके से सतत एवं हरित गतिशीलता समाधानों को बढ़ावा देगा।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। इस अवसर पर भारत सरकार के नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, सांसद, विधायक, सहकारिता क्षेत्र के प्रतिनिधि, विशिष्ट अतिथि तथा राज्यभर से आए सैकड़ों भारत टैक्सी सारथी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में एमओयू हस्ताक्षर समारोह सम्पन्न हुआ, जिसने महाराष्ट्र में भारत टैक्सी के निर्बाध क्रियान्वयन एवं विस्तार के लिए संस्थागत सहयोग को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम स्थापित किया।

यह साझेदारी विश्वसनीय एवं प्रौद्योगिकी-संचालित परिवहन सेवाओं के माध्यम से यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने, डिजिटल मोबिलिटी पहलों को सुदृढ़ करने तथा सार्वजनिक सुविधाओं, बाजारों, पर्यटन स्थलों एवं अन्य नागरिक क्षेत्रों जैसे प्रमुख स्थानों के लिए नवाचार-आधारित परिवहन समाधानों के विकास पर केंद्रित होगी। यह समझौता ज्ञापन एसटीसीएल और नवी मुंबई महानगरपालिका के बीच निरंतर सहयोग का एक संस्थागत ढाँचा स्थापित करता है, जिसके माध्यम से दोनों संस्थाएँ संयुक्त रूप से नवी मुंबई के लिए पारदर्शी, दक्ष एवं यात्री-केंद्रित मोबिलिटी इकोसिस्टम का विकास करेंगी तथा सुरक्षित, सतत एवं सभी के लिए सुलभ शहरी परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देंगी।

भारत टैक्सी (सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड)

सारथियों (ड्राइवरों) की एक बहु-राज्यीय सहकारी संस्था है, जिसकी स्थापना न्यायसंगत आय, साझा स्वामित्व और ड्राइवरों के सम्मानजनक जीवनयापन के सिद्धांतों पर की गई है। यह मंच देश की अग्रणी सहकारी संस्थाओं के सहयोग एवं समर्थन से संचालित है, जिनमें नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NCDC), इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO), गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF), कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (KRIBHCO), नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (NAFED), नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD), नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB) तथा नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (NCEL) शामिल हैं।

"सहकार से समृद्धि" के विज़न से प्रेरित भारत टैक्सी एक ऐसे मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ड्राइवर केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म के भागीदार और सह-स्वामी भी हों। संस्था का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से सारथियों को आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर अवसर और दीर्घकालिक समृद्धि प्रदान करना है।